

फिनिशर का रोल ही सबसे ज्यादा भाया

कप्तान बनने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने अपने करियर में सबसे ज्यादा छठी पोजिशन पर बल्लेबाजी की है। एक वक्त उनकी गिनती दुनिया के बेस्ट फिनिशर्स में होती थी। भारत ने जब 28 साल बाद 2011 में वर्ल्ड कप जीता था, तब भी कप्तान माही छठे नंबर पर ही बैटिंग करने आते थे। बैटिंग, कप्तानी और विकेटकीपिंग इन तीनों डिपार्टमेंट में धोनी ने कई रिकॉर्ड्स तोड़े हैं। ओपनिंग करना उनके लिए कभी भी बेहतर ऑप्शन नहीं रहा। वह जन्मजात फिनिशर हैं, लेकिन आईपीएल में सीएसके के हित के लिए ऐसे प्रयोग किए जा सकते हैं।

## धोनी से ओपनिंग कराने का आइडिया बुरा नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एमएस धोनी ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत बतौर ओपनर की थी, क्यों न इस भूमिका को अपने करियर के अंतिम पड़ाव में लिया जाए? वह अभी चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं और मुश्किल से 10–15 गेंद खेलते हैं। अगर धोनी ओपनिंग, नंबर 3 या फिर चौथे पायदान पर आए तो इसका सीधा फायदा चेन्नई सुपरकिंग्स को होगा। यह कहना है टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज और सीएसके के धाकड़ खिलाड़ी रहे पार्थिव पटेल का। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बतौर कमेंटेटर अपनी दूसरी पारी की शुरुआत करने वाले पार्थिव पटेल का यह आइडिया बुरा भी नहीं है। धोनी ने करियर के शुरुआती दिनों में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ओपनिंग की है। पहली बार जरूर फेल रहे, लेकिन दूसरी बार शतक तक पहुंचे। विवादित कोच ग्रैग चैपल की देखरेख में उन्होंने वीरेंद्र सहवाग के साथ पारी की शुरुआत की थी। 2005 में श्रीलंका के खिलाफ सात गेंद में सिर्फ 2 रन बनाए थे तो 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ 106 गेंदों में 96 रन का स्कोर खड़ा किया था।

# अश्विन को वापस भेजने से पहले हुई थी मीटिंग

क्रिकेट

## सामने आई आईपीएल के इतिहास में रिटायर्ड आउट की रणनीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सही समय पर 'रिटायर आउट' होकर मैच स्थिति को अच्छी तरह से संभाला लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि रियान पराग को रासी वान डर डुसेन से पहले नहीं भेजना गलती थी।

आईपीएल के इतिहास में राजस्थान पहली टीम बन गयी जिसने 'रिटायर आउट' होने की रणनीति अपनायी। लखनऊ के खिलाफ रविवार को मैच में अश्विन जब 28 रन बनाकर खेल रहे थे तब वह स्वयं ही पवेलियन लौट गये थे। संगकारा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''ऐसा करने के लिये यह सही समय था। अश्विन ने स्वयं यह फैसला किया। हमने इससे पहले इस पर चर्चा की थी कि क्या करना है।'' सत्र में अपना



पहला मैच खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के वान डर डुसेन को शिमरोन हेटमायर, अश्विन और पराग से पहले नंबर चार पर भेजा गया लेकिन वह केवल चार रन बना पाये जबकि पराग ने आखिरी ओवर में छक्का जड़कर टीम को 165 रन तक पहुंचाया था। रॉयल्स ने यह मैच तीन रन से जीता था। संगकारा ने कहा, ''कोच के रूप में मैंने एक गलती की जो मैंने रियान पराग को रासी वान डर डुसेन से पहले नहीं भेजा। इससे हम रियान का पूरा फायदा नहीं उठा पाये। लेकिन अश्विन ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। उन्होंने टीम हित में अपने विकेट का बलिदान दिया और बाद में शानदार गेंदबाजी भी की।'' लखनऊ को अंतिम ओवर में 15 रन की दरकार थी लेकिन तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया और संगकारा ने भी उनकी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''आखिरी ओवर से पहले मेरी कुलदीप से बात नहीं हुई थी। वह संजू (सैमसन), जोस (बटलर) और अन्य खिलाड़ी थे जिन्होंने उसका हौसला बढ़ाया। कुलदीप ने दबाव में सबसे मुश्किल ओवर किया और हमारे लिये शानदार भूमिका निभायी।'' लखनऊ शीर्ष क्रम नहीं चलने के बावजूद मार्कस स्टोइनिस (12 गेंदों पर 28) की बदौलत अंतिम ओवर तक मैच में बना रहा।

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने कहा,''पूरे 20 ओवर में हमारा विश्वास बना रहा है कि हम मैच जीत सकते हैं। हमारी बल्लेबाजी में गहराई है। स्टोइनिस आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे। हमें विश्वास है कि स्टोइनिस किसी भी नंबर पर उतरकर हमारे लिये मैच जीत सकते हैं।''

# टीम लगातार जीत रही, खामोश है जीटी के कप्तान का बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नवी मुंबई। आईपीएल में अपने डेब्यू से लगातार तीन जीत दर्ज करके आत्मविश्वास से भरी गुजरात टाइटंस अपनी शुरुआत को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी, जिसका प्रदर्शन निरंतर नहीं रहा है। गुजरात ने लगातार जीत से लय हासिल कर ली है और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उन्होंने दिखा दिया कि वे किसी भी परिस्थिति में जीत सकते हैं।

कप्तान हार्दिक पंड्या को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रणनीतिक कुशलता दिखानी होगी, जिसने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहली जीत दर्ज की, लेकिन अंक तालिका में फिर भी नीचे ही बनी हुई है। डीवाई



पाटिल स्टेडियम में आज पंड्या 100 छक्के पूरे कर सकते हैं। 2015 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने वाले पंड्या ने अबतक 95 मैच में 99 छक्के उड़ाए हैं। 2019 में सबसे ज्यादा 29 सिक्स जमा चुके हार्दिक के बल्ले से इस बार अबतक 3 मैच में सिर्फ एक ही छक्का आया है। गुजरात को हर मैच में अलग–अलग मैच विजेता मिले हैं।

कभी पेसर मोहम्मद शमी का जादू चला तो कभी राहुल तेवतिया का करिश्माई खेल काम कर गया, लेकिन पहली बार किसी आईपीएल टीम की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या का पुराना विस्फोटक अंदाज अब भी मिसिंग है। तीन मैच में 124.66 की स्ट्राइक रेट से वह 91 रन तो बना पाए, लेकिन धूमधड़ाका गायब था, जिसकी वजह से हार्दिक मशहूर हैं। 33 उनका बेस्ट स्कोर रहा है।

## कब लौटा रहे हो भारत को कोहिनूर, हैरान रह गए ब्रिटिश कमेंटेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुनील गावस्कर जितने शानदार बल्लेबाज थे, उतनी ही बेहतरीन क्रिकेट कमेंट्री भी करते हैं। आप हाथ में माइक थामकर उनसे ज्यादा स्पष्ट, सटीक और बेबाक बोलने वाला शायद ही देख पाए। इसका एक नमूना लिटिल मास्टर ने आईपीएल के दौरान रविवार रात देखने को मिला, जब उन्होंने ऑन एयर अपने ब्रिटिश कमेंटेटर दोस्त एलन विलकिंस से कोहिनूर हीरा वापस भारत को लौटाने की अपील कर डाली। यह मजेदार वाकया सुपर संडे के दूसरे मुकाबले के दौरान हुआ, जहां वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच रोमांचक मैच जारी थी, इस दौरान बीच–बीच में स्क्रीन पर मरीन ड्राइव की तस्वीर चलाई जा रही थी। तभी सुनील गावस्कर ने कहा, 'देखिए, क्वीन्स नेकलेस विलकिंस। हम अभी भी कोहिनूर हीरे का इंतजार कर रहे हैं। जिस पर एलेन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें लगा रहा था कि ये आने वाला है। सुनील गावस्कर ने इसके बाद उनसे कहा कि अगर ब्रिटिश सरकार में उनका कोई जुगाड़ हो तो हमें हमारा कोहिनूर वापस लौटा दें।

## न्यूज डायरी



### मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी हार के बाद खिलाड़ियों को लगाया फोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2022 से बाहर होने की कगार पर है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली यह टीम चार में से चार मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में चेन्नई के बाद नीचे से दूसरे नंबर पर है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली सात विकेट की हार के बाद टीम की मालकीन नीता अंबानी ने फोन लगाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया है। मुंबई इंडियंस के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जहां नीता अंबानी ड्रेसिंग रूम में बैठे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का मनोबल बढ़ा रहीं हैं। नीता कहती हैं, मुझे आप सभी पर पूरा भरोसा है। और यकीन है कि हम आगे बढ़ेंगे। अब हम केवल आगे और ऊपर जाने वाले हैं। हमें यह विश्वास करना है कि हम जीतने जा रहे हैं। नीता आगे कहतीं हैं, श्हम पहले भी कई बार ऐसे हालातों से गुजर चुके हैं, लेकिन हम गिरने के बाद फिर उठते हैं और आगे बढ़ते हैं। हमने ऐसी ही बाधाओं को पारकर कप भी जीता है।

### दिल्ली कैपिटल्स का कौन बल्लेबाज भारत के लिए खेलेगा 100 टेस्ट मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स क्रिकेट टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग दुनिया के महान क्रिकेटर्स में शुमार किए जाते हैं। उन्होंने कई वर्षों तक आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की कप्तानी की और अपनी कप्तानी में दो वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीते तो वहीं टेस्ट क्रिकेट में भी अपार सफलता हासिल की। पोंटिंग ना सिर्फ बतौर कप्तान बल्कि बतौर बल्लेबाज भी खूब हिट रहे। साल 2012 में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और इसके बाद वो टीमों को कोचिंग देने लगे। फिलहाल आइपीएल में वो दिल्ली के कोच हैं और उनकी देखरेख में रिषभ पंत, पृथ्वी शा, श्रेयस अय्यर (पहले दिल्ली टीम का हिस्सा थे) जैसे खिलाड़ियों का गेम खूब इम्प्रूव हुआ। पोंटिंग ने इस टीम के ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शा की जमकर तारीफ की है। इस साल पोंटिंग पृथ्वी शा से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इस पूर्व अंडर–19 वर्ल्ड कप विनर क्रिकेटर के पास भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने की क्षमता है।

### आईपीएल की मिस्ट्री गर्ल के राज से उठ गया पर्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग और ग्लैमर का तगड़ा कनेक्शन है। मैच के दौरान क्रिकेटर्स की गर्लफ्रेंड्स और बॉलीवुड स्टार्स का पहुंचना आम बात है, लेकिन बीते कुछ साल में मिस्ट्री गर्ल का भी चलन तेजी से बढ़ा है। कैमरामैन किसी न किसी ऐसे हसीन चेहरे पर फोकस कर ही देता है, जो बाद में सोशल मीडिया पर सनसनी बन जाता है। यूजर्स इंटरनेट पर इन मिस्ट्री गर्ल्स के बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। ऐसा ही कुछ रविवार को कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले के दौरान देखा गया। मैच के दौरान कैमरामैन ने कई बार कैमरामैन ने मिस्ट्री गर्ल पर फोकस किया। लड़की के एक्सप्रेशन कैमरे में कैद होते रहे। इसी बीच जब ऋषभ पंत से आंद्रे रसेल का कैच छूटा तब भी कैमरामैन ने दिल्ली की फैन की निराशा दिखाई। सोशल मीडिया पर इस लड़की की सुंदरता और क्यूटनेस की जमकर तारीफ हो रही है।

### पाक क्रिकेट को जोरदार झटका, राजा के प्रस्ताव को आईसीसी ने किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुबई में संपन्न हुई दो दिवसीय बोर्ड की बैठक बीसीसीआइ के लिए अच्छी रही तो वहीं पाकिस्तान के लिहाज से निराशाजनक। बीसीसीआइ के सचिव जय शाह आइसीसी की क्रिकेट समिति में शामिल किया गया जबकि इस बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा के चार देशों के टूर्नामेंट के प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया। इससे तटस्थ स्थलों पर भारत बनाम पाकिस्तान के मैचों की संभावना पर विराम लग गया। अन्य उल्लेखनीय घटनाक्रम में बीसीसीआइ सचिव जय शाह को आइसीसी की क्रिकेट समिति में शामिल किया गया।